हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 193 देहरादून, बुधवार, 24 जनवरी, 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



दो दिन बंद रहेगा सुरकंडा देवी रोपवे 3

# 26 जनवरी को देश देखेगा उत्तराखंड की विकास यात्रा

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**









24 जनवरी , देहरादून , 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के मौके पर विकसित उत्तराखंड की झांकी का वैभव देश देखेगा। इसमें राज्य की विकास यात्रा को प्रदर्शित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाबा केदार की धरती से 21वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखंड का दशक बताया था। इस दिशा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सरकार आगे बढ़ रही है। सूचना विभाग के संयुक्त निदेशक व नोडल अधिकारी केएस चौहान ने जानकारी दी है कि विकसित उत्तराखंड झांकी के अग्र भाग में कुमाऊंनी महिला को पारंपरिक वेशभूषा में स्वागत करते हुए दिखाया गया है।

इसके अलावा राज्य के मोटे अनाज मंडुवा, झंगोरा, रामदाना व कौणी की खेती, राज्य पक्षी मोनाल को दर्शाया गया है। झांकी के मध्य भाग में होम स्टे को प्रदर्शित किया गया। इस योजना से हजारों ग्रामीणों को रोजगार मिल रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 में केंद्र सरकार ने उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले के सरमोली गांव को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव घोषित किया था।

इसके अतिरिक्त लखपति दीदी योजना से राज्य की महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। स्वयं सहायता समूह में कार्य करते हुए स्थानीय महिलाएं व सुंदर पहाड़ों में सौर ऊर्जा और मोबाइल टावर को भी उकेरा गया है। झांकी के अंतिम भाग में ऑल वेदर रोड, ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना, रोपवे और भारत के प्रथम गांव माणा के लिए रोड कनेक्टिविटी को दर्शाया गया है।

# हवाई सेवा से जुड़ेंगे उत्तराखंड के तीन शहर





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड 24 जनवरी : उत्तराखंड में हवाई सेवाओं के विस्तार की कवायद जारी है। उड़ान योजना के तहत छोटे शहरों को हवाई सेवा से जोड़ा जा रहा है। एयरपोर्ट्स पर सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। इसी कड़ी में पिथौरागढ़, मुनस्यारी और चंपावत को हेली सेवा से जोड़ने की कवायद हो रही है। एक हफ्ते के भीतर हल्द्वानी से इन तीनों जगहों के लिए हेली सेवा शुरू हो जाएगी। हेरिटेज एविएशन ने तीनों जगहों के लिए नियमित हेली सेवा शुरू करने की तैयारी कर ली है।

इसके लिए बाकायदा मिनिस्ट्री ऑफ सिविल एविएशन से भी अनुमति मिल गई है। एक सप्ताह में उड़ान शुरू होने की उम्मीद है।जिलाधिकारी वंदना सिंह ने एसडीएम हल्द्वानी और लोनिवि अधिकारियों को सभी आवश्यक सेवाएं तय समय पर पूरा करने के निर्देश दिए हैं। हल्द्वानी से सात सीटर हेली सेवा शुरू होगी। तीन जगहों के लिए हर दिन दो बार हल्द्वानी से हेलीकॉप्टर उड़ान भरेंगे, जिनकी वापसी भी उसी दिन होगी। इसके लिए फिलहाल एक हेलीकॉप्टर हल्द्वानी में ही रहेगा।

इसके लिए हेलीपैड पर 2 पायलट और 4 इंजीनियर तैनात रहेंगे। जिलाधिकारी वंदना सिंह और हेरिटेज एविएशन के जीएम मनीष भंडारी ने गौलापार स्थित हेलीपैड का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि कुमाऊं मंडल के पिथौरागढ़, मुनस्यारी और चंपावत के लिए हल्द्वानी से हेली सेवा शुरू की जा रही है। इसके लिए कंपनी को मिनिस्ट्री ऑफ सिविल एविएशन भारत सरकार से अनुमति मिल गई है। यूकाडा से भी एनओसी मिल चुकी है।

# पीएम मोदी ने विश्व को बताया राम राज्य का महत्व : सतपाल महाराज





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 24 जनवरी , अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि पर बने भव्य, दिव्य और नव्य श्रीराम मंदिर के गर्भ ग्रह में वैदिक विधि विधान से रामलाल के बाल विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने का अवसर मिलना हमारे लिए गर्व की बात है। ये बात प्रदेश के कैबिनेट मंत्री और राष्ट्र संत सतपाल महाराज ने अयोध्या में श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर प्रतिभाग कर कहीं। उन्होंने कहा कि अयोध्या में रामलाल के बाल विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पूरे देश में ₹देवत्व से देश की ओर और राम से राष्ट्र की ओर₹ का संदेश गया है।

प्रदेश के कैबिनेट मंत्री और राष्ट्र संत सतपाल महाराज ने अयोध्या में श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर देश विदेश के साधु संतों के साथ कार्यक्रम में प्रतिभाग कर श्री रामलला के दर्शन करने के बाद कहा कि अवधपुरी के साथ-साथ पूरा विश्व राममय हो गया है। महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में प्रभु श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में मुख्य जजमान के रूप में प्रतिभाग कर राजनीति में धर्म और लोकनीति का संदेश देने के साथ-साथ पूरे विश्व को रामराज्य की अवधारणा से भी अवगत कराया है।

# डीएम सोनिका ने किया परेड मैदान पर चल रही गणतंत्र दिवस की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण व परेड रिहर्सल का अवलोकन

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 24 जनवरी , जिलाधिकारी सोनिका ने परेड ग्राउण्ड का स्थलीय निरीक्षण करते हुए गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने परेड मैदान पर चल रही गणतंत्र दिवस की परेड रिहर्सल का अवलोकन किया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर साज सज्जा सहित सीटिंग प्लान एवं परेड एवं कार्यक्रम स्थल चिन्हित करने के निर्देश दिए ताकि मंचासीन एवं दर्शक दीर्घा में बैठे सभी गणमान्य, आंगतुकों, दर्शकों को आयोजित कार्यक्रम को दखने हेतु सुगम सुविधा हो इस बात को मध्यनजर रखते हुए सुविधा बनाएं।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम स्थल परेडग्राउण्ड में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की समस्त व्यवस्थाओं को समयबद्ध पूर्ण करें। तथा कार्यक्रम स्थल पर बैरिकेटिंग, विद्युत, पेयजल सहित समुचित व्यवस्थाएं चाक चैबंद रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले माननीय, गणमान्यों, उच्च अधिकारीगणों की सीटिंग व्यवस्था सहित जनमानस के लिए सीटिंग व्यवस्था तथा कार्यक्रम के दौरान पार्किंग, यातायात सुरक्षा आदि समुचित व्यवस्थाओं को व्यवस्थित रूप से करने के निर्देश दिए। गणतंत्र दिवस में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम, झांकियों आदि कार्यक्रमों को योजनावार व्यवस्थित ढंग से कराने के साथ ही निमंत्रण के अनुसार गेट पर आने जाने की व्यवस्था एवं वाहन पार्किंग आदि सभी व्यवस्थाएं देख लें।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामजीशरण शर्मा, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण लोकजीत सिंह, पुलिस अधीक्षक नगर प्रमोद कुमार,सहायक निदेशक सूचना बी.सी नेगी, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर नीरज सेमवाल, अधि0 अभि0 जितेन्द्र कुमार त्रिपाटी, प्रभारी स्थानीय अधिसूचना ईकाई मनोज असवाल, अधि0 अभि0 उषा भण्डारी सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# ATM यूज करने से पहले सावधान, पलभर में खाली हो जाएगा अकाउंट

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 24 जनवरी : आज के समय में ऐसी कई चीजें बन गई है, जो लोगों की लाइफ को सुविधाजनक बना रही है. पहले लोगों को अपने पास कैश रखना पड़ता था. लेकिन अब तो ज्यादातर पेमेंट्स आप कैशलेस कर सकते हैं. हालांकि, अगर इसके भी आपको कैश चाहिए तो लोग एटीएम का इस्तेमाल कर कहीं से भी कैश निकाल सकते हैं. लेकिन जैसे-जैसे लोगों की सुविधाएं बढ़ रही है, वैसे-वैसे फ्रॉड के मामले भी बढ़ने लगे हैं।

हाल ही में एक युवक ने दिल्ली के सफदरजंग एन्क्लेव में मौजूद केनरा बैंक के एटीएम में लगे कैमरे का पर्दाफाश किया. मशीन में जिस तरह से कैमरा छिपाया गया था, उसे देख हर कोई हैरान रह गया. फ्रॉड ने कैमरे को मशीन में इस तरह से चिपकाया था कि किसी को भी शक ना हो. जैसे ही आप इस मशीन में अपना कार्ड डालेंगे, आपके कार्ड की डिटेल इसमें क्लोन हो जाएगी।

कार्ड डालने से पहले सावधान

बैंक वाले अपने कस्टमर्स की सुविधा के लिए कई एटीएम लगा देते हैं. कई जगह पर गार्ड्स तैनात होते हैं. लेकिन फ्रॉड मौका मिलते ही इन एटीएम में घुसकर ऐसे कांड कर देते हैं. इस तरीके में जिस जगह से कार्ड इन्सर्ट किया जाता है, वहां उसी रंग का एक प्लेट लगा दिया जाता है. आप जैसे ही इसमें कार्ड डालेंगे वो आपके कार्ड की डिटेल स्कैन कर देगा. इसके बाद आपका कार्ड नंबर और सारी डिटेल फ्रॉड के पास चली जाएगी।

इसके बाद जहां से पिन डालते हैं, वहां एक कैमरा छिपाकर चिपका दिया जाता है. ऐसे में जब आप पिन डालेंगे तो वो इस कैमरे में रिकॉर्ड हो जाएगा. अब आपकी कार्ड की डिटेल के साथ-साथ आपका पिन भी फ्रॉड को मिल चुका है. ऐसे में पलभर में आपका अकाउंट खाली कर दिया जाएगा।




# ये है दुनिया का सबसे ऊंचा झूला मल्टी स्टोरी बिल्डिंग जितनी है ऊंचाई

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



ब्यूरो रिपोर्ट 24 जनवरी : दुनिया का सबसे ऊंचा झूला चीन में है, जिसे गिनीज वर्ल्ड ऑफ रिकॉर्ड्स ने सर्टिफाइड किया है. यह झूला चोंगकिंग में स्थित है, जिसकी ऊंचाई 108 मीटर है, जो लगभग 30 मंजिला इमारत के बराबर है. आपको यह जानकर हैरानी होगी कि ये झूला देश के साउथ-वेस्ट में स्थित 700 मीटर की चट्टान की चोटी के किनारे लगा हुआ है. इस झूले पर सवारी करने के लिए तगड़ा जिगरा चाहिए, क्योंकि झूलते ही लोगों की चीख निकल जाती है। रिपोर्ट के अनुसार, यह झूला इंद्रधनुषी रंगों से रंगा हुआ है, जिससे यह देखने में काफी आकर्षक लगता है. यह झूला 330 फुट ऊंचे मेहराब और 355 फुट ऊंचे लॉन्चिंग टॉवर से बना है, जो 130 किलोमीटर प्रति घंटे की गति तक चल सकता है. झूले पर झूलने वाले लोग हवा में 88 मीटर (करीब 290 फीट) की ऊंचाई तक पहुंच सकते हैं।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस झूले का एक फोटो भी वायरल हो रहा है, जिसमें आप देख सकते हैं कि यह झूला देखने में कैसा और किस तरह से पहाड़ी की चोटी पर बना हुआ है. झूले के एक साइड पर गहरी खाई है, झूलते समय जिसे देखते ही यकीनन लोगों का कलेजा कांप जाता होगा। यह झूला कमजोर दिलों वालों के लिए नहीं है, क्योंकि इसकी सवारी करने के लिए काफी हिम्मत चाहिए. हालांकि जब लोग इस झूले पर झूलते हैं तो उनकी सेफ्टी का पूरा ख्याल रखा जाता है. उनको सुरक्षा उपकरण पहनाए जाते हैं, जिससे गंभीर स्थिति बनने पर उनकी जान को कोई खतरा ना हो. अधिकांश जब इस झूले पर झूलते हैं, तो उनकी चीखें निकल जाती हैं, चट्टानों में चारों ओर गूंजती हैं।

यह युनयांग काउंटी में लॉन्ग गैंग दर्शनीय स्थल के पास स्थित है, जो लोग इस पर झूलने का साहस दिखाते हैं. उनको झूले पर सवार होने से पहले सुरक्षा उपकरण पहना दिए जाते हैं, जिसके बाद वे हवा में 88 मीटर की ऊंचाई तक जाने का अनुभव ले पाते हैं. इससे पहले सबसे ऊंचे झूले का वर्ल्ड रिकॉर्ड साउथ अफ्रीका स्थित बिग रश स्विंग के नाम था, जो चीन के इस झूले से 12 मीटर ही छोटा है।

# ये है दुनिया का सबसे ऊंचा झूला, मल्टी स्टोरी बिल्डिंग जितनी है ऊंचाई

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



ब्यूरो रिपोर्ट 24 जनवरी : दुनिया का सबसे ऊंचा झूला चीन में है, जिसे गिनीज वर्ल्ड ऑफ रिकॉर्ड्स ने सर्टिफाइड किया है. यह झूला चोंगकिंग में स्थित है, जिसकी ऊंचाई 108 मीटर है, जो लगभग 30 मंजिला इमारत के बराबर है. आपको यह जानकर हैरानी होगी कि ये झूला देश के साउथ-वेस्ट में स्थित 700 मीटर की चट्टान की चोटी के किनारे लगा हुआ है. इस झूले पर सवारी करने के लिए तगड़ा जिगरा चाहिए, क्योंकि झूलते ही लोगों की चीख निकल जाती है। रिपोर्ट के अनुसार, यह झूला इंद्रधनुषी रंगों से रंगा हुआ है, जिससे यह देखने में काफी आकर्षक लगता है. यह झूला 330 फुट ऊंचे मेहराब और 355 फुट ऊंचे लॉन्चिंग टॉवर से बना है, जो 130 किलोमीटर प्रति घंटे की गति तक चल सकता है. झूले पर झूलने वाले लोग हवा में 88 मीटर (करीब 290 फीट) की ऊंचाई तक पहुंच सकते हैं।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस झूले का एक फोटो भी वायरल हो रहा है, जिसमें आप देख सकते हैं कि यह झूला देखने में कैसा और किस तरह से पहाड़ी की चोटी पर बना हुआ है. झूले के एक साइड पर गहरी खाई है, झूलते समय जिसे देखते ही यकीनन लोगों का कलेजा कांप जाता होगा। यह झूला कमजोर दिलों वालों के लिए नहीं है, क्योंकि इसकी सवारी करने के लिए काफी हिम्मत चाहिए. हालांकि जब लोग इस झूले पर झूलते हैं तो उनकी सेफ्टी का पूरा ख्याल रखा जाता है. उनको सुरक्षा उपकरण पहनाए जाते हैं, जिससे गंभीर स्थिति बनने पर उनकी जान को कोई खतरा ना हो. अधिकांश जब इस झूले पर झूलते हैं, तो उनकी चीखें निकल जाती हैं, चट्टानों में चारों ओर गूंजती हैं।

यह युनयांग काउंटी में लॉन्ग गैंग दर्शनीय स्थल के पास स्थित है, जो लोग इस पर झूलने का साहस दिखाते हैं. उनको झूले पर सवार होने से पहले सुरक्षा उपकरण पहना दिए जाते हैं, जिसके बाद वे हवा में 88 मीटर की ऊंचाई तक जाने का अनुभव ले पाते हैं. इससे पहले सबसे ऊंचे झूले का वर्ल्ड रिकॉर्ड साउथ अफ्रीका स्थित बिग रश स्विंग के नाम था, जो चीन के इस झूले से 12 मीटर ही छोटा है।

# नैनीताल में अब पैराग्लाइडिंग नहीं कर सकेंगे पर्यटक

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

नैनीताल 24 जनवरी : पैराग्लाइडिंग का शौक पूरा करने के लिए नैनीताल जाने की प्लानिंग कर रहे हैं तो ये खबर ध्यान से पढ़ें। अब पर्यटक यहां भीमताल की तीन साइटों पर पैराग्लाइडिंग का लुत्फ नहीं उठा सकेंगे। इसकी वजह भी बताते हैं। दरअसल यहां पर सरकारी भूमि का सहारा लेकर गलत तरीके से पैराग्लाइडिंग कराई जा रही थी। जहां पर लैंडिंग की जा रही थी, वह जगह भी सुरक्षित नहीं थी। लिहाजा प्रशासन ने यहां पैराग्लाइडिंग पर रोक लगा दी है। मामला भीमताल के पांडे गांव से जुड़ा है।



जहां नैनीताल एसडीएम प्रमोद कुमार ने पर्यटन विभाग के साथ निरीक्षण कर संयुक्त जांच करने के बाद जांच में कमियां मिलने पर तीन साइटों को बंद कर दिया है। एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत के पास कुछ लोगों की ओर से शिकायत आई थी। जिसमें पैराग्लाइडिंग के संचालन को लेकर सवाल खड़े किए गए थे। इसके बाद कमिश्नर की ओर से जांच के लिए कहा गया था। एसडीएम ने बताया कि पर्यटन विभाग के साथ पांडेगांव स्थित पैराग्लाइडिंग साइटों का निरीक्षण किया गया।

जांच में पता चला कि जिस जगह से पैराग्लाइडिंग का टेक ऑफ कराया जा रहा था, वह सरकारी भूमि थी। संचालकों ने इसके लिए प्रशासन से कोई अनुमति नहीं ली थी, जो नियमों के तहत गलत है। साथ ही जिस जगह पैराग्लाइडिंग की लैंडिंग की जा रही थी, वह भी सुरक्षा की दृष्टि से उपयुक्त नहीं पाई गई। नियमों की अनदेखी पर तीनों पैराग्लाइडिंग साइटों को बंद कर दिया गया है। एसडीएम ने कहा कि नियमों का पालन नहीं करने पर पैराग्लाइडिंग का संचालन नहीं होने दिया जाएगा।

# युवाओं को क्यों नहीं खाना चाहिए कॉर्नफ्लेक्स ?

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 24 जनवरी , कॉर्नफ्लेक्स का शहरी जीवन में महत्व हाल के कुछ सालों में बहुत बढ़ गया है। कॉर्नफ्लेक्स का सेवन करने वाले ज्यादातर युवा ही होते हैं।कॉर्नफ्लेक्स का शहरी जीवन में महत्व हाल के कुछ सालों में बहुत बढ़ गया है। कॉर्नफ्लेक्स का सेवन करने वाले ज्यादातर युवा ही होते हैं। इसका सेवन करना हेल्थ के लिए फायदेमंद भी माना जाता है। लेकिन हाल ही में हुए एक शोध में न्यू कपल्स के लिए यह हानिकारक हो सकता है इस बात का खुलासा हुआ है। शोध के मुताबिक इसमें उपयोग किये जाने वाले अनाज में पाये जाने वाले शुगर की वजह से ऐसा होता है।

कॉर्नफ्लेक्स में पाया जाने वाला शुगर न्यू कपल्स के हार्मोस पर असर डालता है। विशेषज्ञों की मानें तो इसकी वजह से शरीर में बनने वाले सेक्स हार्मोस टेस्टोरान को प्रभावित करता है। सेक्स ड्राइव के लिए टेस्टोरान हार्मोन बहुत जरूरी होता है। अगर तथ्यों की बात करें तो हार्वे केलॉग ने पुरुषों और महिलाओं में बढती सेक्स ड्राइव को घटाने के लिए इस कार्नफ्लेक्स को बनाया था। इसमें पड़ने वाले अनाज में जो शुगर होता है वो खून के स्तर में एक दबाव बनाता है। इस दबाव की वजह से सेक्स हार्मोन टेस्टोस्टेरोन पर प्रभाव पड़ता है।

हार्वे केलॉग का मकसद था कि जो लोग अति सेक्स ड्राइव या सिजोफ्रेनिया से पीड़ित हैं, उनकी यौनेच्छाओं पर काबू पाकर उनका इलाज किया जा सके। सिजोफ्रेनिया से पीड़ित इंसान में आवश्यकता से ज्यादा टेस्टोरान हार्मोंस बनने के साक्ष्य पाये गये थे। इसका मतलब हुआ कि अगर आम नवविवाहित जोड़ा इसका सेवन करता है तो उनके दांपत्य जीवन पर इसका बुरा असर पड़ सकता है। इतना ही नहीं कार्नफ्लेक्स खाने से डायबिटिज का खतरा भी बना रहता है। इसमें कार्बोहाइड्रेट अधिक मात्रा में होता है जो शरीर में शुगर लेवल को बढ़ाता है।

कॉर्न फ्लेक्स खाने वालों को हार्ट अटैक का खतरा भी ज्यादा होता है। कार्नफ्लेक्स खाने से आपको दिल से संबंधित बीमारियां हो सकती हैं। अगर आप भी कॉर्नफ्लेक्स पर ही आधारित हैं तो यह आपके लिए खतरनाक हो सकता है।

# उत्तराखंड में कितने ट्रांसजेंडर, कितने वोटर्स ? ताज़ा रिपोर्ट







**83 लाख के पार वोटरों की संख्या**

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 24 जनवरी, 23 साल के युवा उत्तराखंड में कितने मतदाता है इसकी जानकारी सामने आ गयी है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में वोटर्स की संख्या 83 लाख 36 हजार 780 पहुंच गई है। ख़ास बात ये है कि इस बार 99,922 मतदाता बढ़े हैं। जिसमें 18 से 19 आयु वर्ग के 129062 मतदाता हैं। जो पहली बार मतदान करेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. अंतिम मतदाता सूची जारी करते हुए वी. षणमुगम ने कहा कि राज्य में 11,729 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

प्रदेश में सबसे अधिक देहरादून जिले में 15 लाख 30 हजार 939 मतदाता हैं। जबकि रुद्रप्रयाग जिले में सबसे कम एक लाख 94342 मतदाता हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा, मतदाता बनने की प्रक्रिया चलती रहेगी। जो छूट गए हैं वे मतदाता बनने के लिए बीएलओ, एसडीएम, डीएम कार्यालय या ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ट्रांसजेंडर को बैठकों के माध्यम से मतदाता बनने के लिए जागरूक किया जाता है। उनको भी आगे आना चाहिए।

प्रदेश में 80 साल से अधिक आयु वर्ग के 154259 मतदाता हैं। जबकि 70 से 79 आयु वर्ग के 414114, 60 से 69 आयु वर्ग के 750563, 50 से 59 आयु वर्ग के 1186686, 40 से 49 आयु वर्ग के 1704523, 30 से 39 आयु वर्ग के 2244926, 20 से 29 आयु वर्ग के 1659290 मतदाता हैं। प्रदेश में 100 साल से अधिक आयु वर्ग में महिलाओं की संख्या पुरुष मतदाताओं से अधिक है। सौ साल से अधिक के 1411 मतदाताओं में 853 महिलाएं और 558 पुरुष हैं। जबकि दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 69974 है।

तीन जिलों में एक भी ट्रांसजेंडर नहीं

प्रदेश के तीन जिलों रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और चंपावत में एक भी ट्रांसजेंडर मतदाता नहीं है। सबसे अधिक 138 ट्रांसजेंडर मतदाता हरिद्वार जिले में हैं। जबकि उत्तरकाशी में दो, चमोली में चार, टिहरी में तीन, देहरादून में 77, पौड़ी में 9, पिथौरागढ़ में दो, अल्मोड़ा में पांच, नैनीताल में आठ एवं ऊधमसिंह नगर में 38 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं।

# नारी की चंडिका देवी ने दिया ग्रामीणों को आशीर्वाद

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुद्रप्रयाग। तल्लानागपुर क्षेत्र की नौज्यूला मां चंडिका देवी ने दुर्गाधार क्षेत्र में भ्रमण कर भक्तों को आशीर्वाद दिया। उन्होंने विभिन्न गांवों का भ्रमण करते हुए अपने भक्तों की कुशलक्षेम पूछी। नारी की चंडिका देवी बीते लम्बे समय से देवरा यात्रा पर है। देवी अनेक जगहों पर भ्रमण कर भक्तों की कुशलक्षेम पूछ रही है साथ ही उन्हें खुशहाली का अशीष दे रही है। बीते दिन अयोध्या में रामलला के ऐतिहासिक प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के मौके पर मां चंडिका बोरा गांव पहुंची जहां ग्रामीणों ने देवी का फूल मालाओं से स्वागत किया। ग्राम प्रधान जयंती गुसाई ने अपने घर पर पंचायत चौक में संपूर्ण ग्राम सभा के नेतृत्व में मां भगवती के चरणों में भेंट अर्पित की। देवी के साथ पहुंचे सभी सदस्यों का स्वागत किया। इस मौके पर संध्या कालीन पूजा अर्चना एवं भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। इस दौरान कई देवी देवता अवतरित हुए। नौज्यूला मन्दिर समिति के अध्यक्ष दीक्ष सिंह रावत ने बताया कि मां भगवती चंडिका देवी 17 नवंबर को देवरा निकली थी, जबकि देवरा का तीसरा महीना चल रहा है।

पूरब दिवारा संपन्न होने के बाद देवी उत्तर दिवारे में भ्रमण कर रही हैं। बताया कि ढाई सौ गांवों का भ्रमण पूरा कर दिया गया है जबकि पश्चिम दिवारे को पूरा होते ही मां भगवती के मन्दिर के ऊपर बडम तोली मे विधी विधान के साथ पूजा के साथ बन्याथ पूरी होगी। इस मौके पर ग्राम प्रधान जयंती गुसाई, सामाजिक कार्यकर्ता प्रहलाद सिंह गुसाई, मानेंद्र कुमार, महाबीर सिंह गुसाई, प्रेम सिंह कठैत, जीतपाल सिंह गुसाई, मानवेंद्र सिंह गुसाई, लकपत सिंह गुसाई, यशवंत सिंह गुसाई, महिला कीर्तन मंडली अध्यक्ष किरण गुसाई, सोणी देवी, धनपाल गुसाई, करणवीर सिंह गुसाई, दीपेंद्र गुसाई, मदन सिंह गुसाई, राखी गुसाई, सुनीता देवी, बबीता गुसाई, रोशन लाल, सुरेंद्र सिंह नेगी, दीपक कुमार, रविंद्र गुसाई, कुलदीप सिंह गुसाई, दशरथ सिंह गुसाई सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

# प्रमुख रमोला गणतंत्र दिवस की परेड में करेंगे प्रतिभाग

नई टिहरी। आगामी गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को राजपथ पर होने वाली परेड में उत्तराखंड प्रदेश से राष्ट्रीय पंचायत पुरूस्कार प्राप्त पांच पंचायत प्रतिनिधि उत्तराखंड की ओर से प्रतिभाग करेंगे। जिनमें जनपद टिहरी गढ़वाल के प्रतापनगर ब्लाक के प्रमुख प्रदीप चंद रमोला भी सपत्नीक शामिल होंगे। पंचायती राज निदेशक निधि यादव की ओर से जारी पत्र में प्रतापनगर के ब्लॉक प्रमुख प्रदीप चंद रमोला को सपत्नी गणतंत्र दिवस की राष्ट्रीय परेड में प्रतिभाग करने को आमंत्रित किया गया है। यह निमंत्रण भारत सरकार के पंचायतीराज विभाग के निर्देश पर दिया गया है। इसके अलावा ग्राम पंचायत सिमलास ग्रांट देहरादून की प्रधान पूजा पाल, ग्राम बडमास वाला के प्रधान नरेंद्र तोमर, ग्राम प्रधान मठ उत्तरकाशी के प्रधान अरविंद सिंह, ग्राम पंचायत दियारी उत्तरकाशी की प्रधान सुषमा वर्मा और ब्लॉक प्रमुख पुरोला रीता पंवार को भी कार्यक्रम के लिए राज्य की ओर प्रतिभाग करने का आमंत्रण मिला है। ब्लॉक प्रमुख प्रदीप रमोला ने आमंत्रण पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि वे ब्लाक प्रतापनगर की ओर से कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे।

# महिला कांग्रेस ने 13 जिला उपाध्यक्ष और 27 जिला महामंत्री बनाए

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नई टिहरी। जिला महिला कांग्रेस कमेटी टिहरी गढ़वाल की अध्यक्ष आशा रावत ने प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला की संस्तुति पर जारी जिला कार्यकारिणी पदाधिकारियों की सूची जारी की। उन्होंने कहा कि लोक सभा चुनाव में पूरी तत्परता के साथ कार्यकारिणी के नवनियुक्त पदाधिकारी जुटेंगे। महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष आशा रावत ने बताया कि जिला महिला कांग्रेस की कार्यकारिणी का विस्तार शीर्ष नेतृत्व की संस्तुति पर कर दिया गया है।

इसमें उपाध्यक्ष सुमना रमोला, बीना सजवाण, ममता पंवार, ममता उनियाल, लक्ष्मी रावत, गीता नेगी, शिबी भंडारी, लक्ष्मी देवी, हंसा रमोला, पूनम, अनीता नेगी, मीना देवी टम्टा व मीना शाह। जिला महामंत्री गीता सजवाण, मीना पुंडीर, रीता रावत, वृहस्पति भट्ट, नीमा नेगी, विजय लक्ष्मी, अनीता रावत, सुषमा दुमोगा, प्रकाशी राना, सीमा खरोला, ममता खरोला, गुड्डी धनाई, कमला पंवार, मीरा देवी, कविता भट्ट, मोहनी राणा, संगीता ममगाई, राजेश्वरी रमोला, रजनी शाह, रीना सेमवाल, गीता शर्मा, सीमा पंवार, गीता चौहान, ममता बंगवाल, पवना शाह, यशोदा विश्वकर्मा व लक्ष्मी बुटोला। मंत्री सपना पंवार, नेहा चौहान, मनीषा राणा, स्वेता राणा, अंजू पंवार, ममता रावत, कुसुम रावत, मुनी सेमवाल, विनीता चौहान, विरोजनी, कमला रावत, प्रीती भट्ट, आशा तोपवाल, सुनीता वाल्मीकी, अनीता शाह, बबीता थपलियाल, प्रर्मिला बर्मा, गीता नौटियाल, नीलम नेगी व मीनाक्षी। ब्लाक अध्यक्ष प्रतापनगर सुशीला भट्ट, रजाखेत प्यारी, बालगंगा कैलाशी देवी, भिलंगना अनीता शर्मा, चंबा रजनी भट्ट, रामगढ़ विशला देवी, थत्यूड़ रेशमा देवी, नैनबाग सरोजनी देवी व स्वैप मनीषा राणा। नई टिहरी शहर अध्यक्ष अनीता रावत, चंबा शहर अध्यक्ष प्रभा तिवारी और लम्बगांव शहर अध्यक्ष अंजली रावत को बनाया गया है।

# दो दिन बंद रहेगा सुरकंडा देवी रोपवे

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

टिहरी गढ़वाल 24 जनवरी : सिद्धपीठ सुरकंडा देवी की यात्रा पर जा रहे हैं, तो पहले ये जरूरी खबर पढ़ लें। यहां रोपवे का संचालन दो दिन तक बंद रहेगा। इस दौरान रोपवे की मरम्मत की जाएगी। सुरक्षा की दृष्टि से रोपवे के मरम्मत कार्य के साथ तकनीकी निरीक्षण भी होना है। इसे देखते हुए दो दिन तक रोपवे सेवा का संचालन नहीं होगा। 25 जनवरी से रोपवे सेवा एक बार फिर शुरू कर दी जाएगी।

श्रद्धालु 25 जनवरी को सुबह 8 बजे से रोपवे सेवा का इस्तेमाल कर सकेंगे। सिद्धपीठ सुरकंडा देवी उत्तराखंड के प्रमुख धार्मिक स्थानों में से एक है, जहां हर दिन श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। मसूरी-धनौल्टी घूमने आने वाले लोग भी मां सुरकंडा देवी का आशीर्वाद लेने यहां पहुंचते हैं। पहले लोगों को यहां पहुंचने के लिए कद्दूखाल से मंदिर तक डेढ़ किमी की खड़ी चढ़ाई पार करनी पड़ती थी। इस दौरान लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। श्रद्धालुओं की





सुविधा को देखते हुए यहां रोपवे सेवा शुरू की गई है, जिसने श्रद्धालुओं के सफर को आसान बनाया है। अब रोपवे की मरम्मत के लिए दो दिन तक रोपवे का संचालन नहीं किया जाएगा। इससे श्रद्धालुओं को पैदल रास्ता तय कर मंदिर तक पहुंचना पड़ेगा। 25 जनवरी से रोपवे सेवा दोबारा शुरू कर दी जाएगी।

# जल्दी खाना पहुंचाने की डिमांड ने फूड डिलीवरी बॉय की ली जान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 24 जनवरी : तकनीक ने हमारे जीवन को आसान बनाया है, लेकिन मिनटों में सामान से लेकर खाना तक घर के दरवाजे पर पाने की हमारी चाह कई लोगों के लिए जानलेवा भी बन रही है। पिछले दिनों ऐसी कई घटनाएं देखने को मिलीं, जिनमें तय समय पर खाना पहुंचाने की डिमांड के चलते डिलीवरी बॉय ने सड़क हादसे में जान गंवा दी। देहरादून में एक बार फिर ऐसी ही दुखद घटना देखने को मिली है। यहां पटेल नगर क्षेत्र में हादसे में एक फूड डिलीवरी बॉय की मौत हो गई।

हादसे में जान गंवाने वाले युवक की पहचान यूपी के सहारनपुर में रहने वाले अमरीश कुमार के रूप में हुई।अमरीश 38 साल का था और जोमैटो कंपनी में डिलीवरी का काम करता था। बीती सुबह वह फूड डिलीवर करने जा रहा था। तभी माजरा कट के पास उसकी बाइक सामने से आ रहे सीवर टैंकर से टकरा गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने



युवक को श्री महंत इंदिरेश अस्पताल पहुंचाया। लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर परिजनों को सूचित कर दिया है। उधर, सीवर टैंकर को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। बता दें कि देहरादून में फूड डिलीवरी बॉय की मौत के मामले पहले भी सामने आ चुके हैं। ऐसे हादसों को रोकने के लिए पुलिस ने गाइडलाइन भी जारी की थी।

# मुख्यमंत्री धामी फिल्मकारों के लिए एक बड़ी उम्मीद : शाहबाज़ खान, फिल्म अभिनेता

## धामी सरकार की नई फ़िल्म पॉलिसी को लेकर निर्देशक जैकी पटेल और लकी आनंद काफी उत्साहित

**मो. सलीम सैफी**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून,23 जनवरी। राजधानी देहरादून में फिल्म निर्देशक जैकी पटेल की फिल्म ₹मिस्ट्री विला₹ की शूटिंग 19 जनवरी से शुरु हो चुकी है और बड़े बड़े फिल्म स्टार इस वक्त देहरादून में है जिनमे प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता शहबाज खान अहम भूमिका है जो मशहूर टीवी धारावाहिक टीपू सुल्तान और चंद्रकांता सहित कई दर्जन फिल्मों में अपनी एक्टिंग और आवाज़ का लोहा मनवा चुके है,इनके अलावा फिल्म मिस्ट्री विला में युवा अभिनेता संजीत धूरी और अभिनेत्री सोनल सिंह राजपूत के साथ साथ हुसैनी दवावाला , दिव्या बधानी , विश्वम शुक्ला, राम कश्यप और नवल किशोर जैसे प्रसिद्ध कलाकार मुख्य भुमिका निभा रहे हैं, यह फिल्म उत्तराखंड के देहरादून, मसूरी , ऋषिकेश शहरों मे शूटिंग की जा रही है । जो कि पूरे भारत व ओवरसीज में जल्दी ही रिलीज की जाएगी ।

फिल्म के निर्माता जी. एल. सदाना उत्तराखंड के रहने वाले है और उन्होंने उत्तराखंड वासियों से अनुरोध किया है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में इस फिल्म को जरूर देखे और लोकेशन पर पहुंचकर हमारा हौंसला बढायें ।

इसको ले कर एक पत्रकार वार्ता का आयोजन प्रेस क्लब में किया गया जिसमें बॉलीवुड एक्टर शाहबाज खान ने उक्त जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में फिल्मों को ले कर अपार संभावनाएं है। उन्होंने पत्रकार वार्ता के दौरान सभी से अपने आने वाले प्रोजेक्ट्स आदि के बारे में बात की और अपने कई डायलॉग्स भी बोले।

**दून बॉलीवुड एक्टिंग स्कूल एंड फिल्म वर्ल्ड की पत्रकार वार्ता में खुलकर बोले गुजरात और मुंबई के फिल्मकार**

इस मौके पर निर्माता जी एल सदाना ने बताया कि दून बॉलीवुड एक्टिंग स्कूल एंड फिल्म वर्ल्ड से 24 कलाकार चुने गये हैं, जो कि सह-कलाकार के रुप में काम करेंगे । उन्होंने कहा कि हमें यह घोषणा करते हुये अत्यन्त खुशी हो रही है कि जी. एल. सदाना जी ने कलाकारों के लिये एक बहुत बडी मुहीम की शुरुआत की है , जिसमें ₹दून बॉलिवुड फिल्म स्कुलर₹ में अभिनय की शिक्षा लेने वाले हर कलाकार को निश्चित रूप से फिल्मों , वेब सिरिज व गानों में काम करने का मौका मिल रहा है । सभी इच्छुक कलाकार एक बार ₹दून बॉलिवुड एक्टिंग स्कूल & फिल्म वर्ल्ड₹ जरूर सम्पर्क करें ।

फिल्म निर्माता जी. एल. सदाना जी ने बताया कि वर्ष 2024 और 2025 में 6 फिल्मों का निर्माण होना है , जिसमें उत्तराखंड वासी बढचढ कर सहयोग दे रहे हैं , निर्माता जी. एल. सदाना जी उत्तराखंड को फिल्म उद्योग जगत के रूप में देखना चाह रहे हैं , सभी उत्तराखंड वासियों से अनुरोध है कि इस मुहिम में बढ़ चढ़ कर साथ दें ।






















# उत्तराखंड : होम स्टे बुकिंग के लिए बनेगा ऑनलाइन पोर्टल, मिलेगा पर्यटकों को फायदा

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड 24 जनवरी : उत्तराखंड आने वाले पर्यटक यहां के होम स्टे में निशुल्क पंजीकरण करा सकेंगे। टूरिज्म बोर्ड इसके लिए पोर्टल लांच करेगा। होम स्टे में ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा मिलने से पर्यटकों को तो फायदा होगा ही साथ ही होम स्टे संचालकों के लिए भी ये योजना फायदेमंद साबित होगी। प्रदेश में इस वक्त पांच हजार से ज्यादा होम स्टे पंजीकृत हैं। प्रत्येक होम स्टे का नाम, पता, फोन नंबर आदि की सूचना पर्यटन विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। अभी तक इन होम स्टे की बुकिंग की कोई केंद्रीयकृत व्यवस्था नहीं थी।

अब पर्यटन विकास परिषद ने बुकिंग के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए होम स्टे संचालकों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर होम स्टे के निशुल्क पंजीकरण का सहमति पत्र देना होगा। उन्हें अपने होम स्टे का नाम, स्वामी का नाम, पंजीकरण संख्या, कुल कक्षों की संख्या, होम स्टे की श्रेणी, जिला, मोबाइल नंबर व ई-मेल की जानकारी निर्धारित प्रारूप पर भरकर पर्यटन विकास परिषद में जमा करानी होगी।

उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. वाईके पंत ने बताया कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म तैयार किया जा रहा है, जिसके लिए सभी होम स्टे से सहमति पत्र लिया जाएगा। पूरी प्रक्रिया निशुल्क है। इससे उनका चयन और बुकिंग सुविधाजनक होगी और आय में बढ़ोतरी हो जाएगी। इस पोर्टल का लाभ राज्य में आवास विकल्पों की तलाश करने वाले घरेलू व अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को होगा। जिन लोगों के पास अपने प्रचार-प्रसार की सुविधा नहीं है, उन्हें इस पोर्टल के माध्यम से सीधे बुकिंग का अवसर मिलेगा। इससे होम स्टे की आय में बढ़ोतरी होगी।



# सैमसंग गैलेक्सी S 24 अल्ट्रा की देहरादून में डिलीवरी शुरू








**मो.सलीम सैफी**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून,23/24 जनवरी। विश्व का पहला AI स्मार्टफोन सैमसंग गैलेक्सी S 24 Ultra आज से राजधानी देहरादून में ग्राहकों के लिए उपलब्ध हो गया है,कनॉट प्लेस के सैमसंग कैफे अरोड़ा एंटरप्राइजेज पर 23 जनवरी से S 24 Ultra की डिलीवरी शुरू कर दी गई है,ये डिलीवरी उन ग्राहकों को शुरू की गई है जिन्होंने प्रीबुकिंग का विकल्प चुना था, 1,39,999/ - कीमत वाले S 24 Ultra का AI फीचर लोगो को खड़ा आकर्षित कर रहा है जिसके तहत ऑटो वाइस कॉल टाइपिंग और ऑफ लाइन इन रीयल टाइम ट्रांसलेशन फीचर पहली बार ग्राहकों को उपलब्ध कराया गया है ।

महंगे फोन रखने वाले ग्राहकों के बारे में ऋषि अरोड़ा का कहना है पिछले साल के मुकाबले इस साल चार गुना जंप से AI phone S 24 Ultra ने बिक्री और बुकिंग सभी रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए हैं जिसे खरीदने के लिए राजधानी देहरादून के साथ साथ पड़ोसी राज्यों के कई जिलों के लोग देर शाम से ही देहरादून के स्टोर में पहुंच गए थे।

# रोडवेज बस सेवा से जुड़ेंगे कुमाऊं के दो शहर

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

हल्द्वानी 24 जनवरी : पिथौरागढ़ और चंपावत कुमाऊं के प्रमुख जिले हैं। परिवहन निगम यहां दो प्रमुख रूटों पर बस सेवा शुरू करने जा रहा है। पिथौरागढ़ के गंगोलीहाट और चम्पावत जिले में रीठा साहिब के लिए हल्द्वानी से बस चलाए जाने की अनुमति मिल गई है। इस तरह अब दो पहाड़ी जिलों के प्रमुख रूटों पर नियमित तौर पर रोडवेज बसों का संचालन हो सकेगा। जिससे स्थानीय लोगों को राहत मिलेगी।





उन्हें सफर के लिए निजी टैक्सियों के महंगे सफर पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। बता दें कि कुमाऊं का मुख्य शहर होने से हल्द्वानी में सभी पर्वतीय जिलों के लोगों की आवाजाही बनी रहती है। ऐसे में सस्ते और सुरक्षित सफर के लिए रोडवेज बसों का इंतजार रहता है।गंगोलीहाट और रीठा साहिब समेत दोनों रूटों पर ट्रायल में बसों का संचालन किया जा रहा था। अब आरटीए से अनुमति मिलने पर इन्हें स्थाई किया जा रहा है।

प्रदेश के कई पहाड़ी रूटों पर बस संचालन की अनुमति नहीं होने से परिवहन निगम बसों का संचालन नहीं कर पाता है। इस समस्या के समाधान के लिए आरटीए ने दो जिलों के मुख्य मार्गों पर बस संचालन की अनुमति निगम को दे दी है। अब पिथौरागढ़ के गंगोलीहाट और चम्पावत जिले के लिए नियमित बस सेवा चलेगी। परिवहन निगम के महाप्रबंधक एसएस बिष्ट ने कहा कि दोनों रूटों पर ट्रायल में बसों का संचालन किया जा रहा था। अब आरटीए से अनुमति मिल गई है, जिस पर बस सेवाओं को नियमित किया जा रहा है।

# हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर में घने कोहरे का अलर्ट

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

हरिद्वार 24 जनवरी : उत्तराखंड में सर्दी के सितम से राहत नहीं मिल रही। गलन वाली ठंड ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। सुबह और शाम कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मैदानी इलाकों में कोहरे के सितम के चलते पहाड़ों से ज्यादा ठंड है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है 25 जनवरी के बाद कोहरा छंटना शुरू होगा। इस तरह अगले कुछ दिनों में कोहरे से राहत मिल सकती है, हालांकि फिलहाल बारिश की संभावना नहीं है। दिन की शुरुआत हल्की धूप के साथ हुई, लेकिन राहत नहीं मिल रही। मौसम विभाग की मानें तो 25 तक हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर में घना कोहरा छाया रहेगा। इसे देखते हुए अलर्ट भी जारी किया गया है। उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में इन दिनों धूप खिल रही है, लेकिन यहां पर भी सुबह और शाम के वक्त कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मैदानी इलाकों में गलन वाली ठंड खूब परेशान



कर रही है। उत्तरकाशी में बीते दिन बादलों के बीच हल्की धूप खिली थी। पहाड़ों की रानी मसूरी, धनोल्टी और कैम्पटी में मौसम साफ है, लेकिन ठंडी हवा चलने से मौसम में ठंड बढ़ गई है। हरिद्वार में सुबह से ही कोहरा छाया हुआ है। यहां पिछले दो दिनों से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। अगर आप भी उत्तराखंड के मैदानी क्षेत्रों की यात्रा पर निकल रहे हैं तो मौसम का ध्यान रखें। यहां कोहरे के चलते सफर जोखिम भरा बना हुआ है। इसलिए वाहन चलाते वक्त सावधानी बरतें। पहाड़ी इलाकों में भी पाले के चलते परेशानी बढ़ी है।

# उत्तराखंड : चुनाव से पहले उत्तराखंड में खुलेगी बंपर भर्ती

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 24 जनवरी : सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवा ध्यान दें। इस साल आपका ये सपना पूरा हो सकता है। लोकसभा चुनाव 2024 की आचार संहिता लगने से पहले उत्तराखंड में बंपर भर्तियां खुलने वाली हैं। अलग-अलग विभागों में हजारों खाली पदों पर भर्ती होगी। लोक सेवा आयोग से लेकर उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग-यूकेएसएसएससी और चिकित्सा चयन बोर्ड को विभिन्न विभागों से भर्तियों के अधियाचन प्राप्त हो गए हैं।

आने वाले दिनों में सबसे बड़ी भर्ती स्वास्थ्य विभाग में होनी है, जिसमें डॉक्टर, नर्सिंग और अन्य पैरामेडिकल के करीब 10 हजार पदों पर भर्ती होनी है। फिलहाल चिकित्सा चयन बोर्ड में नर्सिंग भर्ती की प्रक्रिया जारी है, यह प्रक्रिया पूरी होने के तत्काल बाद आयोग नई भर्ती के लिए आवेदन शुरू कर देगा। शिक्षा विभाग में भी आउटसोर्सिंग के जरिए चतुर्थ श्रेणी में ढाई हजार युवाओं को रोजगार मिलने जा रहा है। इसी तरह प्राथमिक शिक्षकों के तीन हजार पदों पर जिला स्तर पर चयन प्रक्रिया पूरी की जाएगी, इसके लिए मंत्री डॉ. धन सिंह रावत अधिकारियों को निर्देश जारी कर चुके हैं।

लोकसेवा आयोग से प्रधानाचार्य के 670 पदों पर भर्ती जल्द ही शुरू होनी है रिपोर्ट के अनुसार 15 फरवरी तक सहायक संख्या अधिकारी के 175, पॉलिटेक्निक प्रधानाचार्य और कार्यदेशक, पुलिस सब इंस्पेक्टर के 150 पदों पर भी विज्ञप्ति जारी करने की प्रक्रिया चल रही है। इसके साथ ही व्यवस्थापक और व्यवस्था अधिकारी के लिए भी जल्द आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ होगी। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग भी जल्द एलटी के 1571 पदों के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू करने जा रहा है। आयोग पहले ही आबकारी विभाग, पशुपालन, रेशम विभाग, व्यायाम शिक्षक, अमीन और उपभोक्ता फोरम के करीब पांच सौ पदों पर प्रक्रिया शुरू कर चुका है।



# 101 किलो सोना दान करने वाला दानवीर राम भक्त कौन है ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 24 जनवरी , अयोध्या. राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए अयोध्या सज धज कर तैयार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करेंगे। पीएम मोदी प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मुख्य यजमान होंगे। इसी बीच राम मंदिर के लिए सबसे बड़ा दान करने वाले सूरत के हीरा व्यापारी सुर्खियों में है। राम मंदिर के लिए देश, दुनिया के करोड़ों भक्तों ने दान किया है, लेकिन सूरत के हीरा व्यापारी दिलीप कुमार वी. लाखी ने राम मंदिर के लिए सबसे बड़ा दान किया है। सूरत के हीरा व्यापारी ने राम मंदिर के लिए 101 किलो सोना दान किया है।






मुंबई के लखी समूह के सीईओ दिलीप कुमार लखी की आस्था भगवान में इतनी अधिक है कि उन्होंने तीन सालों में दो मंदिरों को करीब 150 किलो सोना दान में दे दिया है। इसमें से 100 किलो सोना गुजरात के सोमनाथ मंदिर को दिया गया है। सोमनाथ मंदिर प्रशासन ने एक समाचार पत्र से फोन पर हुई बातचीत में इस बात की पुष्टि भी की है। वहीं दूसरी ओर कंपनी की वेबसाइट से प्राप्त जानकारी के अनुसार समूह ने करीब 51 किलो सोना उत्तराखंड के बद्रीनाथ मंदिर को भी दिया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सूरत के हीरा व्यापारी दिलीप कुमार वी. लाखी ने राम मंदिर के लिए 101 किलो सोना दान किया है। दिलीप कुमार वी. लाखी सूरत की सबसे बड़ी हीरा फैक्ट्रियों में से एक के मालिक हैं। बताया जा रहा है, रामलला के मंदिर में लगे 14 स्वर्ण जड़ित दरवाजे के लिए 101 किलो सोना भेजा है। बताया जा रहा है, सूरत के हीरा व्यापारी द्वारा दिया गया ये दान अब तक राम मंदिर ट्रस्ट को मिला सबसे बड़ा दान है। ऐसे में सूरत के हीरा व्यापारी दिलीप कुमार वी. लाखी को दानवीर कर्ण कहना गलत नहीं होगा।

बता दें, रामलला के मंदिर के गर्भगृह, दरवाजे को चमकाने में सोने का उपयोग किया जा रहा है। गर्भगृह के दरवाजे के साथ-साथ मंदिर के भूतल पर 14 स्वर्ण द्वार लगाए गये है। इसके साथ ही राम मंदिर के लिए दूसरा सबसे बड़ा दान कथावाचक मोरारी बापू के अनुयायियों ने दिया है। मोरारी बापू के अनुयायियों ने राम मंदिर के लिए 16 करोड़ से ज्यादा का दान किया है।

# बड़े बदलाव करेगी सेना- खच्चरों की जगह लेंगे ड्रोन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 24 जनवरी , भारतीय सेना में खच्चरों से सामान ले जाना अब इतिहास की बात होगी। सेना इनकी जगह अब ड्रोन का इस्तेमाल बढ़ा रही है। यह खच्चर राशन, असला समेत सभी प्रकार का सेना का सामान बर्फ के पहाड़ों, खराब रास्तों से लेकर देश के सीमा क्षेत्रों में आवाजाही करते हैं। अब इन सामान को ले जाने में ड्रोन, अत्याधुनिक वाहनों का इस्तेमाल किया जाएगा। दरअसल, यह सब सेना के साल 2027 तक 12 लाख Manpower कम करने के प्लान के अंतर्गत है, जिसमें 1 लाख कर्मचारी भी शामिल हैं।





सेना के पुनर्गठन पर हो रहा है काम, लास्ट माइल कनेक्टिविटी में होगा सुधार

सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार पहले ही से पहाड़ी तोपखाने में खच्चरों की संख्या कम कर दी है और बाकी बचे साल 2025 तक रिटायर्ड कर दिए जाएंगे। जानकारी के अनुसार सेना में साल 2030 तक पशु परिवहन कंपनियों की संख्या में लगभग 70 फीसदी तक की कटौती की जानी है। सालों से यह खच्चर बॉर्डर इलाकों में सेना की ऐसी पोस्ट जहां आवाजाही का रास्ता नहीं है, उन पर कच्चे रास्तों से असला और अन्य सामान पहुंचाते आए हैं। अब धीरे-धीरे इनकी जगह ड्रोन लेते जा रहे हैं। नए वाहनों व ड्रोन से सेना में लास्ट माइल कनेक्टिविटी में सुधार आया है।

बॉर्डर पर इन्फ्रास्ट्रक्चर मजबूत करने में मदद : सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार ड्रोन से लॉजिस्टिक्स ले जाने में बॉर्डर पर इन्फ्रास्ट्रक्चर मजबूत करने में मदद मिलेगी। इसके अलावा ऐसे रफ और ऑल टेरेन व्हीकल इस्तेमाल करने पर ज्यादा सामान लेकर जा सकते हैं। जानकारी के अनुसार सेना में राशन, असला और अन्य सप्लाई में लगे करीब 3300 खच्चर अगले कुछ सालों में सेवानिवृत कर दिए जाएंगे। इससे पहले हाल ही में सेना ने ऐसे 1500 खच्चरों को रिटायर किया है। जानकारी के अनुसार साल 2027 तक सेना के पुनर्गठन और ऑप्टिमाइजेशन का प्लान है। जिसमें कुल 12 लाख जनशक्ति (Manpower) कम करना है, इसमें 1 लाख कर्मचारी भी शामिल हैं।

# मानव शरीर के साथ ऐसे संपर्क करते हैं वायरल संक्रमण

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 24 जनवरी , सीओवीआईडी -19 और इन्फ्लूएंजा जैसी वायरल श्वसन बीमारियों के बारे में हमारी अधिकांश समझ रोगसूचक रोगियों की जांच पर आधारित है। कोलंबिया विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए रोगसूचक, स्पर्शोन्मुख और हल्की बीमारियों का एक नया अनुदैर्ध्य अध्ययन इस बात की जानकारी देता है कि हमारा शरीर आणविक स्तर पर इन संक्रमणों पर कैसे प्रतिक्रिया करता है। वे एक जीन अभिव्यक्ति प्रोफ़ाइल की खोज का वर्णन करते हैं जो रोगसूचक और स्पर्शोन्मुख बीमारियों के साथ-साथ नकारात्मक व्यक्तियों से सकारात्मक स्पर्शोन्मुख व्यक्तियों के बीच अंतर कर सकता है।



अध्ययन एक जटिल तस्वीर प्रस्तुत करता है कि कैसे कई सामान्य श्वसन वायरस मानव शरीर और एक-दूसरे के साथ-साथ सामान्य श्वसन बैक्टीरिया के साथ बातचीत करते हैं। परिणाम वैज्ञानिकों के लिए नई परिकल्पनाएँ उत्पन्न करने और परीक्षण करने के लिए एक इंटरैक्टिव वेब टूल (लिंक बाहरी है और एक नई विंडो में खुलता है) के रूप में उपलब्ध हैं, और पीएलओएस बायोलॉजी जर्नल में एक नए सहकर्मी-समीक्षित लेख में वर्णित हैं।

19 महीनों में, मैनहट्टन अध्ययन के विरोम में नामांकित 214 स्वयंसेवकों ने नाक के स्वाब के नमूने प्रदान किए, जिनका लक्षणों और जनसांख्यिकीय जानकारी की दैनिक व्यक्तिगत रिपोर्ट के साथ आणविक परीक्षण (आरएनए-सीक्यू और क्यूपीसीआर) द्वारा विश्लेषण किया गया। अधिकांश संक्रमण राइनोवायरस और कोरोनावायरस के कारण हुए। केवल 8 प्रतिशत सकारात्मक नमूनों में एकाधिक वायरल सहसंक्रमण के साक्ष्य थे (एक मामला पांच अलग-अलग वायरस के लिए सकारात्मक था)। अध्ययन में पाया गया कि इन्फ्लूएंजा अन्य वायरस, जैसे कि कोरोनोवायरस या राइनोवायरस की तुलना में जीन अभिव्यक्ति में अधिक परिवर्तन करता है। उनके निष्कर्ष रोगजनकों के बार-बार संपर्क में आने और मेजबान प्रतिक्रियाओं के बीच एक संभावित संबंध का भी संकेत देते थे।

इसी समूह के डेटा का उपयोग करते हुए एक पूर्व अध्ययन में पाया गया कि स्थानिक कोरोना वायरस से पुनः संक्रमण असामान्य नहीं है, यहां तक कि पूर्व संक्रमण के एक वर्ष के भीतर भी। अध्ययन में पाया गया कि जब दोबारा संक्रमण हुआ, तो यह कम गंभीर लक्षणों से जुड़ा नहीं था। इसके बजाय, आनुवंशिक कारक किसी संक्रमण की गंभीरता का अधिक निर्धारक हो सकते हैं।

# खड़े होकर खाना खाने के हैं खतरनाक नुकसान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 24 जनवरी , भोजन करने का सही तरीका क्या है ? खड़े होकर भोजन करना चाहिए ? ये कुछ ऐसे सवाल हैं जिनके बारे में बहुत कम लोग सोचते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसकी वजह से आप कई तरह की बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। खड़े होकर खाने से जहां खाने का आनंद नहीं मिलता वहीं इसकी वजह से पाचन तंत्र पर बुरा असर पड़ता है।




डाइट एक्सपर्ट्स की मानें तो खड़े होकर खाने से हेल्थ पर खाने का असर कम हो जाता है। आइए जानते हैं खाने के सही तरीकों और खड़े होकर खाने से होने वाले नुकसानखड़े होकर खाना खाने की आदत से पेट और आंतों के कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। कैंसर इंस्टीट्यूट में रेडियोथेरेपी विभाग के विशेषज्ञों ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कुछ आहार संबंधी आदतों के कारण अन्नप्रणाली से संबंधित रोग विकसित हो सकते हैं।पीजीआई चंडीगढ़ में विभाग ने बताया कि खड़े होकर खाने और पीने से एसिड रिफ्लक्स जैसी कई कठिनाइयां हो सकती हैं, क्योंकि यह अन्नप्रणाली की मांसपेशियों को ठीक से काम करने से रोकता है।एक्सपर्ट्स ने कहा, "इस शिथिलता से ग्रासनली के कैंसर का खतरा बढ़ जाता है और खड़े होकर खाना खाने से सामान्य पाचन प्रक्रिया बाधित होती है, जिससे आंतों को अधिक प्रयास की आवश्यकता होती है और कोलोरेक्टल कैंसर का खतरा बढ़ जाता है।"केजीएमयू की कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद ने विदेश में एक नई तकनीक के परीक्षण के बारे में जानकारी भी मीडिया से साझा की, जिसमें उच्च खुराक विकिरण के साथ छोटे ट्यूमर को खत्म करने की संभावना दिखाई गई है।

खड़े होकर खाना खाने से होने वाले नुकसान

खड़े होकर खाना खाने से कब्ज, गैस, घुटनों का दर्द, कमर दर्द आदि की परेशानी हो सकती है। एक्स्पर्ट की माने तो खड़े होकर खाने से किडनी की बीमारियां और पथरी रोग की संभावना भी बढ़ जाती है। जब हम खड़े होकर खाना खाते हैं तो पैरो में जुते या चप्पल की वजह से पैर गर्म रहते हैं जो सेहत के लिए बिल्कुल अच्छा नहीं होता है।

# कौन थे कर्पूरी ठाकुर, जिन्हें मिलेगा भारत रत्न ?

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**






- 1970 और 1977 में मुख्यमंत्री बने थे कर्पूरी ठाकुर
- कर्पूरी ठाकुर के शागिर्द हैं लालू-नीतीश
- बिहार की राजनीति में अहम हैं कर्पूरी ठाकुर

ब्यूरो रिपोर्ट , 24 जनवरी , बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न दिया जाएगा। कर्पूरी ठाकुर की पहचान स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षक और राजनीतिज्ञ के रूप में रही है। वह बिहार के दूसरे उपमुख्यमंत्री और दो बार मुख्यमंत्री रहे थे। कर्पूरी ठाकुर को बिहार की सियासत में सामाजिक न्याय की अलख जगाने वाला नेता माना जाता है। कर्पूरी ठाकुर साधारण नाई परिवार में जन्मे थे। कहा जाता है कि पूरी जिंदगी उन्होंने कांग्रेस विरोधी राजनीति की और अपना सियासी मुकाम हासिल किया। यहां तक कि आपातकाल के दौरान तमाम कोशिशों के बावजूद इंदिरा गांधी उन्हें गिरफ्तार नहीं करवा सकी थीं।

कर्पूरी ठाकुर 1970 में पहली बार राज्य के मुख्यमंत्री बने। 22 दिसंबर 1970 को उन्होंने पहली बार राज्य की कमान संभाली थी। उनका पहला कार्यकाल महज 163 दिन का रहा था। 1977 की जनता लहर में जब जनता पार्टी को भारी जीत मिली तब भी कर्पूरी ठाकुर दूसरी बार बिहार के मुख्यमंत्री बने। अपना यह कार्यकाल भी वह पूरा नहीं कर सके। इसके बाद भी महज दो साल से भी कम समय के कार्यकाल में उन्होंने समाज के दबे-पिछड़ों लोगों के हितों के लिए काम किया।


बिहार में मैट्रिक तक पढ़ाई मुफ्त की दी। वहीं, राज्य के सभी विभागों में हिंदी में काम करने को अनिवार्य बना दिया। उन्होंने अपने कार्यकाल में गरीबों, पिछड़ों और अति पिछड़ों के हक में ऐसे तमाम काम किए, जिससे बिहार की सियासत में आमूलचूल परिवर्तन आ गया। इसके बाद कर्पूरी ठाकुर की राजनीतिक ताकत में जबरदस्त इजाफा हुआ और वो बिहार की सियासत में समाजवाद का बड़ा चेहरा बन गए।

बिहार में समाजवाद की राजनीति कर रहे लालू प्रसाद यादव और नीतीश कुमार कर्पूरी ठाकुर के ही शागिर्द हैं।

जनता पार्टी के दौर में लालू और नीतीश ने कर्पूरी ठाकुर की उंगली पकड़कर सियासत के गुर सीखे। ऐसे में जब लालू यादव बिहार की सत्ता में आए तो उन्होंने कर्पूरी ठाकुर के कामों को आगे बढ़ाया। वहीं, नीतीश कुमार ने भी अति पिछड़े समुदाय के हक में कई काम किए।

चुनावी विश्लेषकों की मानें तो कर्पूरी ठाकुर को बिहार की राजनीति में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। 1988 में कर्पूरी ठाकुर का निधन हो गया था, लेकिन इतने साल बाद भी वो बिहार के पिछड़े और अति पिछड़े मतदाताओं के बीच काफी लोकप्रिय हैं। गौरतलब है कि बिहार में पिछड़ों और अतिपिछड़ों की आबादी करीब 52 प्रतिशत है। ऐसे में सभी राजनीतिक दल अपनी पकड़ बनाने के मकसद से कर्पूरी ठाकुर का नाम लेते रहते हैं। यही वजह है कि 2020 में कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में 'कर्पूरी ठाकुर सुविधा केंद्र' खोलने का ऐलान किया था।

## संपादकीय



### राम मंदिर के अलावा

प्रधानमंत्री मोदी ने अयोध्या में श्रीराम की तुलनात्मक व्याख्याएं कीं कि राम आग नहीं, ऊर्जा हैं। राम विवाद नहीं, समाधान हैं। राम वर्तमान नहीं, अनंतकाल हैं। राम की प्राण-प्रतिष्ठा कालचक्र का नया उद्गम है। ऐसी कई तुलनाओं के बाद प्रधानमंत्री ने यह सवाल भी किया कि राम मंदिर तो बन गया, अब आगे क्या ? उन्होंने जवाब-सा भी दिया कि राम से राष्ट्र तक चेतना का विस्तार करना है। 'चेतना का विस्तार' अत्यंत व्यापक और उपदेशी-सा कथन है। जो राम मंदिर को 'सांप्रदायिक' करार देते रहे हैं, वे आगे के अभियान मथुरा और काशी को ही मानेंगे। श्रीकृष्ण जन्मभूमि और ज्ञानवापी के विवाद अदालतों में हैं। उन्हें अदालतों के विचाराधीन ही रहने दिया जाए। अयोध्या विवाद पर सर्वोच्च अदालत के पांच न्यायाधीशों की पीठ ने जो ऐतिहासिक निर्णय दिया था, जिसकी बदौलत राम मंदिर में भगवान की प्राण-प्रतिष्ठा की जा सकी, अब वह निर्णय निचली अदालतों के लिए आधार-बिंदु हो सकता है। उपासना स्थलों की यथास्थिति को लेकर 1991 में संसद ने जो कानून बनाया था, उसकी व्याख्या प्राचीन पूजा-स्थलों के संदर्भ में सर्वोच्च अदालत ने फिलहाल छोड़ दी है। बहरहाल प्रधानमंत्री ने भविष्य के अभियान सिर्फ मथुरा और काशी ही तय नहीं किए हैं, बल्कि वह राम मंदिर सरीखे लक्ष्यों के साथ विकास, बुनियादी ढांचे, जन-कल्याण और प्रौद्योगिकी को लेकर भी आगे बढना चाहते हैं। उन्हें अनुभव है कि सिर्फ राम मंदिर की चुनावी रणनीति ही पर्याप्त नहीं है, लिहाजा अयोध्या से दिल्ली लौट कर उन्होंने एक करोड़ घरों की छत पर सौर-ऊर्जा का सिस्टम स्थापित करने वाली योजना की घोषणा की। अयोध्या का तो कायाकल्प हो चुका है। जो योजनाएं शेष हैं, उन पर कार्य लगातार जारी है। अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा और जंक्शन के रूप में नया, विकसित रेलवे स्टेशन, सडक़ों और राजमार्गों का चौड़ीकरण और 50 से अधिक विश्वस्तरीय होटलों की निर्माण-प्रक्रिया नई अयोध्या के नूतन चेहरे हैं। करीब 50,000 करोड़ रुपए की योजनाएं निर्माणाधीन हैं। औद्योगिक संगठनों का आकलन है कि अयोध्या में बहुत जल्द ही एक लाख करोड़ रुपए का कारोबार होगा। प्रधानमंत्री के हालिया संबोधनों से यह भी स्पष्ट है कि इस बार आम चुनाव में उनका फोकस दक्षिण भारत पर भी रहेगा। वहां वह बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं, लिहाजा राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के लिए 11 दिनों का जो कठिन अनुष्ठान किया था, उस दौरान प्रधानमंत्री आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु, केरल के राम मंदिरों में गए। उनके विधि-विधान के अनुसार पूजा-पाठ किए और उनकी भाषाओं में 'रामायण' के पाठ भी सुने। इससे पहले प्रधानमंत्री ने दक्षिण भारत के राज्यों के लिए हजारों करोड़ रुपए की परियोजनाओं के शिलान्यास और उद्घाटन भी किए। दक्षिण भारत के इन राज्यों में भाजपा के चुनावी हासिल 'शून्य' रहे हैं। केरल, तमिलनाडु, आंध्र से भाजपा का एक भी सांसद चुनकर संसद तक नहीं जा पाया है। सवाल है कि राम मंदिर पर आधारित प्रधानमंत्री की रणनीति क्या और किस सीमा तक भाजपा को चुनावी लाभांश दिला सकती है ? बेशक राम मंदिर 'मोदी की गारंटी' को सत्यापित करता है। हालांकि बुनियाद संविधान पीठ ने डाली, लेकिन प्रशासनिक और अन्य प्रबंध न किए जाते, तो अयोध्या का समारोह इतना विशाल और विविध न हो पाता। अयोध्या का समारोह भाजपा-संघ प्रायोजित ही था।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**
**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002
**RNI No. :** UTTHIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून ( उत्तराखंड), भारत

# उत्तराखंड की रूबी ने पहनी कागज़ की रामनामी ड्रेस

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



ब्यूरो रिपोर्ट , 24 जनवरी , देशभर में जब रामलला की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के बाद जश्न मनाया जा रहा है , पटाखे जले दिए जले अंदाज़ में भक्त अपनी ख़ुशी व्यक्त कर रहे हैं ऐसे में देवभूमि की रूबी की खूब चर्चा हो रही है। उधम सिंह नगर इलाके की रूबी ने कागज से ऐसी अनोखी ड्रेस बनाई है कि आप इसे देखकर हैरान रह जाएंगे. महिला ने कागज पर 251 बार 'राम' लिखा और कागज की पोशाक पहनी हुई थी। ये पेपर ड्रेस आज भी चर्चा का विषय बनी हुई है.

रामलला प्राण प्रतिष्ठा पर रूबी ने बनाई अनोखी पोशाक

उधम सिंह नगर की रहने वाली रूबी सिंह लंबे समय से अखबार और रद्दी कागज से कपड़े बना रही हैं। आमतौर पर लोग कपड़े का इस्तेमाल कर अलग-अलग डिजाइन की ड्रेस तैयार करते हैं और पहनते हैं, लेकिन रूबी सिंह कागज का इस्तेमाल कर अलग-अलग डिजाइन की फैशनेबल ड्रेस तैयार करती हैं और पहनती हैं। बदले में, वह क्षेत्र में चर्चाओं में भाग लेना जारी रखती है। आपको बता दें कि रूबी सिंह ने करीब 70 तरह के कागजों का इस्तेमाल कर ड्रेस बनाई है.

उन्होंने कागज पर राम नाम लिखकर एक पोशाक सिलवाई और उसे पहन ली। 'पेपर क्वीन' के नाम से मशहूर रूबी सिंह ने रामलला के समर्पण के मौके पर कुछ ऐसा किया कि चर्चा का विषय बन गई। उधम सिंह नगर के बाजपुर के एक छोटे से गांव भौना कॉलोनी की रहने वाली रूबी सिंह ने अयोध्या में राम लला के भव्य मंदिर के उद्घाटन समारोह की खुशी में कागज पर 251 बार "राम और जय श्री राम" लिखकर एक अनोखी पेपर ड्रेस तैयार की है। जो लोगों को बेहद पसंद आ रहा है।

## चमोली के सभी न्यायालयों में 09 मार्च को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

चमोली। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण तथा उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 09 मार्च, 2024 को जनपद चमोली में जिला न्यायालय परिसर गोपेश्वर सहित बाह्य न्यायालय जोशीमठ, कर्णप्रयाग, थराली, पोखरी तथा गैरसैंण में लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सीनियर जज/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सिमरनजीत कौर ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में फौजदारी के मामले, एनआई एक्ट, मोटर दुर्घटना प्रतिकर, वैवाहिक व कुटुम्ब न्यायालयों के मामले, श्रम, भूमि अर्जन के मामले, सिविल अपील व राजस्व के मामले, मनरेगा, विद्युत, जलकर के बिलों, बिक्री कर, आयकर, अप्रत्यक्ष कर, वेतन भत्तों, वन, आपदा प्रतिकर व अन्य मामलों का निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने जनपद के सभी न्यायालयों से भी अनुरोध किया है कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक लंबित वादों और वाहन चालन से संबधित वादों का निस्तारण किया जाए।

## 51 लाख करोड़ हस्तलिखित राम नाम अयोध्या के लिए रवाना किए

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

हरिद्वार। अयोध्या के श्री राम मंदिर में विराजित रामलला को श्री राम नाम लेखन सेवा क्षेत्र में विश्व की सबसे अग्रणी संस्था श्री राम नाम विश्व बैंक समिति ने लाखों करोड़ों रामभक्तों की भावनाओं को अयोध्या में विराजित रामलला तक पहुंचाने का संकल्प लिया है। और उसी क्रम में आज संस्था ने हरिद्वार से अयोध्या के लिए 51 लाख करोड़ हस्तलिखित राम नाम ट्रक के माध्यम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

संस्था के परमाध्यक्ष स्वामी आत्मयोगी देवजी महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक नया इतिहास रचकर पूरे विश्व में सनातन का परचम लहराने का काम किया है जिसकी हम प्रशंसा करते है व संस्था की ओर से उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देते हैं। संस्था ने करोड़ों रामभक्तों की आस्था सम्मान करते हुए उनके प्रति अपनी कृतज्ञता जाहिर करते हुए अपने लिए गए संकल्प को आज पूर्ण करने का कार्य किया है।

श्री राम नाम विश्व बैंक समिति के अध्यक्ष पण्डित सुमित तिवारी ने बताया कि संस्था द्वारा पूरे जनवरी माह राम नाम लेखन जप महायज्ञ अनवरत चलता रहा और लाखों लोगों ने राम नाम लिखकर संस्था को श्री राम नाम विश्व बैंक समिति को भेजा जिसको संस्था ने पूर्ण रूप से व्यवस्थित कर 51 लाख करोड़ राम नाम आज अयोध्या भेजने का कार्य किया। साथ ही उन्होंने बताया कि जल्द ही राम नाम विश्व बैंक समिति के पदाधिकारीगण संस्था श्री राम नाम विश्व बैंक समिति के संरक्षक और अयोध्या श्री राम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास जी के साथ मुलाकात कर इस राम नाम को भगवान श्री राम के चरणों में समर्पित करने का कार्य करेंगे। संस्था के महासचिव विकास गर्ग ने कहा कि संस्था श्री राम नाम विश्व बैंक समिति के पास वर्तमान में भी लाखों करोड़ राम नाम एकत्रित है जिसका जल्द ही हरिद्वार में एक भव्य एवम् दिव्य संग्रहालय बनाकर लोगों के लिए दर्शनार्थ के लिए तैयार किया जाएगा।

# लोकसभा चुनाव में जीत के लिए कांग्रेस ने बनाई कारगर रणनीति : मंत्री प्रसाद नैथानी

## पहले से कहीं ज्यादा बेहतर परफॉर्मेंस कांग्रेस पार्टी करेगी : लक्ष्मी अग्रवाल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 24 जनवरी , पछवादून जिलाध्यक्ष, कांग्रेस लक्ष्मी कपरुवाण अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर तिलक भवन विकासनगर में टिहरी लोकसभा क्षेत्र के समन्वयक, पूर्व मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी की उपस्थिति में टिहरी लोकसभा क्षेत्र के अन्तर्गत पछुवादून जिले के वरिष्ठ नेतागणों, पूर्व विधायक, विधानसभा प्रत्याशी, एआईसीसी एवं पीसीसी सदस्य, नगर व ब्लाक अध्यक्षों की बैठक की गई ।







बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी जी कहा कि कांग्रेस पार्टी हमारा प्रत्याशी हाथ का पंजा के सिद्धांत पर काम कर रही है भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को जन- जन तक पहुचाने के लिए कांग्रेस एकजुट है। धर्म की आड़ लेकर भाजप सरकारे अपनी नाकामिया छुपाने का काम कर रही है ।हर बूथ पर बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस से जुड़ रहे है । लोकसभा चुनाव में निश्चित रूप से कांग्रेस के पक्ष में जनादेश होगा।

पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रीतम सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस लगातार विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से संगठन को मजबूत कर रही है। कार्यकर्ता आमजन के बीच जनमुद्दों को उठा रहे हैं। बैठक और चौपाल के माध्यम से संगठन को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि बूथ स्तर पर घर-घर जाकर दस्तक देकर कांग्रेस की विचारधारा को लोगों तक पहुंचाएं। भाजपा ने समाज में नफरत फैलाने और लोगों को बांटने का काम किया है। कांग्रेस के कार्यकर्ता आपसी भाईचारे का संदेश देकर देश की एकता को मजबूत बना रहे हैं।

पछवादून जिलाध्यक्ष, कांग्रेस लक्ष्मी कपरुवाण अग्रवाल ने बैठक को संबोधित करते हुए काहा कि पहले से कहीं ज्यादा बेहतर परफॉर्मेंस कांग्रेस पार्टी करेगी, पूरा विश्वास है कि, हमारा परफॉर्मेंस अच्छा रहेगा। 10 साल से बीजेपी की सरकार केंद्र में है। उसके रिपोर्ट कार्ड के आधार पर उनके परफॉर्मेंस को दिखाते हुए जनता के बीच में जाएंगे। भाजपा सरकार जनता को बरगला कर सरकार तो बना लेती है पर जनता के दुख कि भागी कभी नहीं बनी। किसान आंदोलन में 700 से ज्यादा किसानो की मृत्यु हुई परन्तु सरकार सदन में कहती है कि कृषि आंदोलन के दौरान किसानों की मौत का रिकॉर्ड उसके पास नहीं है । इससे शर्मनाक बात क्या हो सकती है ।

लक्ष्मी कपरुवाण अग्रवाल ने कहा कि भाजपा सरकार महिला विरोधी मानसिकता की समर्थक है। महिला उत्पीड़न, बलात्कार, हिंसा को रोकने में सरकार पूरी तरह विफल है। भाजपा सरकार का बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा पूरी तरह से फेल है। बढ़ती महंगाई से आधी आबादी पर खराब असर पड़ा है। महिलाओं को सम्मान और प्रतिनिधित्व दिलाने में जो नीतिगत फैसले कांग्रेस सरकार में लिए गए थे उसे भाजपा सरकार ने रद्द कर दिया।

बैठक में प्रदेश सचिव विकास शर्मा ब्लाक अध्यक्ष अभिनव कुमार, विकासनगर शहर अध्यक्ष कितेश जैसवाल, हरबर्टपुर शहर अध्यक्ष आशीष पुण्डीर, पूर्व जिला अध्यक्ष संजय किशोर, पीसीसी सदस्य संजय जैन, पूर्व जिला अध्यक्ष यामिन अंसारी, जिला पंचायत सदस्य धीरज बाबी नौटियाल, अध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ट कांग्रेस अशोक नेगी, ब्लाक अध्यक्ष सहसपुर अमित पंवार, पूर्व अध्यक्ष न०प० विकासनगर नीरज अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष न०प० हरबर्टपुर बिना शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता सेवा दल भास्कर चुग, सभासद शम्मी प्रकाश, जिलाध्यक्ष कांग्रेस सेवा दल (पछवादून) विजय कुमार, सभासद पम्मी देवी, डाकपत्थर अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, रेशमा अंसारी, अनुपम कपिल, राणिप शर्मा, संदीप भटनागर, इलम चन्द मुल्तानी, फुरकान, बिना चौहान (प्रदेश सचिव महिला कांग्रेस), भुवन चन्द पन्त (अध्यक्ष सेवा दल, विकासनगर ) , नीलम थापा, हरमान, कांता देवी, विजय राम कुकरेती, जीतेन्द्र नेगी, मनोज रावत, अमित गुप्ता, महेश, संजीव उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

## विशेषज्ञों ने बदलते मौसम पर जताई चिंता

पौड़ी। ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना (रीप) की ओर से जलवायु अनुकुल कृषि (सीएसए) को लेकर कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें विशेषज्ञों ने बदलते मौसम पर चिंता जताई। उन्होंने किसानों को अभी से जलवायु परिवर्तन के साथ फसलों में भी परिवर्तन करने के टिप्स दिए। बताया कि जलवायु परिवर्तन का यही आलम रहा तो आने वाले दशक में फसलें करीब आधी ही रह जाएंगी। ब्लाक सभागार में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन ब्लाक प्रमुख दीपक कुकशाल ने किया। उन्होंने किसानों को जलवायु परिवर्तन के साथ खेती में भी बदलाव करने को प्रेरित किया। इस मौके पर रीप आजीविका के सहायक प्रबंधक धनीलाल उनियाल ने पॉवर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से किसानों को रसायन मुक्त व जैविक खेती करने की आधुनिक विधियां बताई। उन्होंने फसलों को बचाने के लिए मित्र फसल की तकनीक पर जोर दिया। कहा कि अधिक ऊंचाई वाली जगहों पर मंडुवा, झंगोरा आदि पारंपरिक फसलों को खेती अधिक कारगर होगी। जिसमें कम पानी के साथ कम मेहनत भी लगती है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की प्रशिक्षक जिले के सभी 15 ब्लॉकों में आयोजित किया जा रहा है। जलवायु परिवर्तन एवं पर्वतीय कृषि पर इसके प्रभाव व बचाव, फसल वर्गीकरण, भू-परिष्करण, पौधशाला प्रबंधन, जल प्रबंधन, मलचिंग व पलवार, फसल उन्नत प्रजाति, पादप पोषण व एकीकृत कृषि आदि को लेकर काश्तकारों को तकनीकी जानकारियां दी जाएंगी।

## सुविधाओं की दी जानकारी

पौड़ी। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण द्वारा प्रायोजित तथा आस्था सेवा संस्थान पौड़ी की ओर से आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, एएनएम, कम्युनिटी हेल्थ आफिसर व स्वच्छता समिति के पदाधिकारियों के साथ ही समुदाय स्तर के प्रबुद्धलजनों का जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रतिभागियों को विभिन्न स्तर पर किए जाने वाले कार्यों और सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। जिला पंचायत सभागार में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में संस्थान व विभाग की ओर से प्रतिभागियों से लाभार्थियों तक पहुंचने वाली योजनाओं का फीड बैक भी लिया गया। इस दौरान उन्होंने ग्राम स्वच्छता एवं स्वच्छता समिति के माध्यम से होने वाले कार्य, स्वास्थ्य उपकेंद्रों में टीकाकरण एवं अन्य सुविधाएं, लाभार्थियों को मिलने वाली चिकित्सीय सुविधाओं के अलावा विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। इसके अलावा भी कार्यक्रम में कई बिन्दुओं पर चर्चा की गई।

## आयकर विवरण एवं बचत निवेश की सूचना संबंधित कोषागार को उपलब्ध कराएं पेंशनर

चमोली। जनपद चमोली के अंतर्गत कोषागार से पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशनरों को आयकर विवरण एवं बचत निवेश की सूचना संबंधित कोषागार को उपलब्ध करानी है। मुख्य कोषाधिकारी मामूर जहां ने जनपद के अंतर्गत कोषागार एवं उप कोषागार से पेंशन प्राप्त करने वाले समस्त पेंशनरों, पारिवारिक पेंशनरों व दोहरी पेंशन प्राप्तकर्ताओं को सूचित करते हुए कहा कि जिन पेंशनरों की वर्ष 2023-24 की कुल आय आयकर दायरे में आती है वे अनिवार्य रूप से अपनी आय का विवरण एवं छूट हेतु जमा निवेश की धनराशि का प्रमाण पत्र दिनांक 24 फरवरी तक संबंधित कोषागार अथवा उपकोषागार में जमा करा दें, ताकि आयकर में नियमानुसार छूट प्रदान की जा सके। पेंशनर अपनी पेंशन का वार्षिक विवरण विभागीय वेबसाइट आईएफएमएस के पोर्टल द्दन्नशह्मद्ध.ह्वद्म.द्दश1.द्व्ठ पर लॉगिन कर प्राप्त कर सकते हैं। यदि पेंशनर देय आयकर को चालान से जमा करते हैं तो चालान की प्रति भी जमा करें। जो कर्मचारी पारिवारिक पेंशन प्राप्त करते हैं वे अपनी पेंशन एवं वेतन की कुल आय पर आयकर आगणन कर पेंशन भुगतान करने वाले कोषागार, उप कोषागार को इसकी सूचना प्रेषित करेंगे। निर्धारित तिथि तक आयकर विवरण संबंधित कोषागार, उप कोषागार में जमा करने के उपरान्त ही माह फरवरी 2024 की पेंशन आहरित की जाएगी।

## हरिद्वार में निकली धूप, ठंड कम नहीं हुई

हरिद्वार। धर्मनगरी में मंगलवाल को धूप तो निकली लेकिन ठंडी हवाओं ने परेशान किया। सुबह के समय शहर घने कोहरे की चादर से शहर ढका रहा। मंगलवार को अधिकतम तापमान सोमवार के मुकाबले दो डिग्री ज्यादा रहा। न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस रहा। कोहरे के कारण सुबह और शाम के समय सडक़ों पर दृश्यता कम रही। सोमवार को धर्मनगरी में अधिकतम तापमान 14 और न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था। मंगलवार को अधिकतम तापमान दो डिग्री बढक़र 16 डिग्री और न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

## सीटू से संबद्ध यूनियनों ने किया प्रदर्शन

पौड़ी। सीटू से संबद्ध विभिन्न ट्रेड यूनियनों ने बिजली, पानी का निजीकरण बंद करने के साथ ही ठेका प्रथा को खत्म करने की मांग सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान यूनियनों के पदाधिकारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। डीएम कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन करते हुए सीटू के जिला सचिव देवानंद नौटियाल, कोषाध्यक्ष टीका प्रसाद पोखरियाल ने बताया कि केंद्र में जितनी भी सरकारी बनी मजदूर व नागरिकों के जीवन स्तर पर कोई रचनात्मक सुधार नहीं कर पाई। कहा कि उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से सरकार बिजली व पानी का निजीकरण कर रही है। उन्होंने इस दौरान ठेका प्रथा समाप्त करने सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर सांकेतिक धरना दिया। उन्होंने कहा कि जल्द ही समस्याओं का हल नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा। धरना देने वालों में धीरेंद्र सिंह, शिखा कोली, बीना देवी माहेश्वरी ज्योति रोशनी बुद्धि मंजू एवं नीमा रावत आदि शामिल रहे।

## थलीसैंण में भी भक्तिमय बना रहा माहौल

पौड़ी। अयोध्या में भगवान राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर थलीसैंण ब्लाक में उत्साह का माहौल रहा। इस दौरान थलीसैंण मुख्यालय में मंदिर में अखंड पाठ एवं मूर्ति स्थापना का कार्यक्रम किया गया, इसके बाद कलश यात्रा, श्री राम की झांकी निकाली गई।

## संक्षिप्त खबरें

### फिर बिगड़ा ट्रेनों का संचालन, तीन रद्द और आठ हुई लेट

रुडक़ी। पिछले तीन दिन से मौसम बेहतर होने से ट्रेनों का संचालन सुधरा था लेकिन बीती रात फिर घना कोहरा पड़ा। इससे मंगलवार को जनसेवा एक्सप्रेस के अलावा हरिद्वार से मुंबई लोकमान्य तिलक, मुंबई लोकमान्य तिलक एसी सुपरफास्ट ट्रेने दोनों ओर से रद्द रही। पिछले तीन दिन के मुकाबले अन्य ट्रेनें अधिक लेट हुई। 22445 अमृतसर वीकली सुपर फास्ट एक्सप्रेस हर सोमवार शाम 5.45 बजे कानपुर से अमृतसर के लिए चलती है। पर यह कानपुर से ही 10.45 घंटे लेट तडक़े 4.30 बजे चली। लक्सर में यह रात 2.45 बजे आती है लेकिन यह 14 घंटे से अधिक लेट है। सूबेदारगंज से देहरादून 14113 देहरादून एक्सप्रेस 6 घंटे, हावड़ा से योगनगरी ऋषिकेश 13009 दून एक्सप्रेस 5 घंटे, बांद्रा (मुंबई) से हरिद्वार 19019 हरिद्वार एक्सप्रेस 4 घंटे तथा योगनगरी ऋषिकेश से पुरी 18478 कलिंग उत्कल एक्सप्रेस लगभग 2.30 घंटे लेट है।

### कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन 27 को होगा

रुडक़ी। बसपा छोडक़र कांग्रेस में शामिल हुए मरगूब कुरैशी को कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस विजय पताका लहराएगी। बताया कि 27 जनवरी को आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में कई राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के नेता भाग लेंगे।मंगलवार को मोहल्ला किला स्थित अपने आवास पर कांग्रेस नेता मरगूब कुरैशी ने पत्रकार वार्ता की। उन्होंने बताया कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एवं सांसद इमरान प्रतापगढ़ी द्वारा उन्हें प्रदेश नेतृत्व की संस्तुति पर हरिद्वार जिला अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। कहा कि वह हमेशा कांग्रेस से ही जुड़े रहे हैं।

### गौवंश अवशेष मिलने पर हरकत में आई पुलिस, मुकदमा दर्ज

हरिद्वार। सोमवार को श्यामनगर कॉलोनी में मिले प्रतिबंधित मांस के मामले में ज्वालापुर पुलिस ने भैरव सेना संगठन के जिलाध्यक्ष की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का दावा है कि जल्द आरोपियों को चिन्हित किया जाएगा। सोमवार को श्यामनगर कॉलोनी में प्रतिबंधित मांस मिलने पर लोगों का गुस्सा भडक़ गया था। भैरव सेना संगठन के जिलाध्यक्ष चरणजीत पाहवा की अगुवाई में कॉलोनी वासियों ने हरिद्वार-ज्वालापुर मुख्य मार्ग पर जाम लगाया था। अवशेष को मौके पर लेकर धरने पर बैठे लोगों का आरोप था कि जानबूझकर माहौल खराब करने के लिए अवशेष फेंके गए है। ज्वालापुर पुलिस ने अवशेष कब्जे में लेकर लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया था, जिसके बाद जाम खुला था।

### सीटू का केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

हरिद्वार। नेताजी सुभाष चंद्र बोस के 127वें जन्मदिवस पर सीटू जिला कमेटी हरिद्वार ने सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय पर केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान पदाधिकारियों ने सिटी मजिस्ट्रेट को 10 सूत्रीय मांग और निजी उद्योगों के पीड़ित कर्मचारियों को न्याय दिलाने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। सीटू के अध्यक्ष पीडी बलूनी ने राज्य सरकार और केंद्र सरकार पर किसान, मजदूर, छात्र, नौजवान विरोधी होने का आरोप लगाते हुए सीटू की 10 सूत्रीय मांगों को पूरा करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान महेंद्र प्रसाद जखमोला, इमरत सिंह, राजकुमार, संदीप कुमार, शांति शर्मा, सरला रावत, सरिता लोधी, पप्पल सिंह, राकेश कश्यप आदि शामिल रहे।